राष्ट्रीय खबर हमारी नज़र



web : www.rashtriyakhabar.net
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### शरद पूर्णिमा उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा

रांची :शरद पूर्णिमा उत्सव. हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा । शरद पूर्णिमा के अवसर पर बाबा श्याम को श्वेत पोशाक (बागा) श्वेत आभूषण श्वेत फूलों का श्रृंगार किया जाएगा। श्वेत प्रसाद से बाबा को भोग लगाया जाएगा एवम श्वेत लाइट से पूरा मंदिर को सजाया जाएगा। इस बार चंद्र ग्रहण होने के कारण शनिवार को प्रात: ही श्रृंगार एवं श्वेत दर्शन भक्तों को हो पाएंगे। दोपहर 3:30 बजे के बाद मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे जो कि रविवार 29 अक्टूबर को प्रात: नियमित समय पर खुलेंगे। पूरे झारखंड में एकमात्र हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में ही शरद पूर्णिमा उत्सव खाटूधाम के परंपरा अनुसार इसी रूप में मनाया जा रहा है । इस दिन बाबा श्याम का प्राकृतिक पंखा भी खुलता है जो वैशाख सुदी तीज अक्षय तृतीया के अवसर पर लगाया जाता है, बाबा श्याम को नया श्वेत चंदवा भी लगाया जाएगा।

इंटर्नशिप > सरकारी स्कूलों में अब इंटर्नशिप, गेस्ट लेक्चर और इंडस्ट्रियल विजिट का कॉन्सेप्ट

# सरकारी स्कूलों के बच्चों को सरकारी संस्थाओं में भी मिलेगा इंटर्नशिप का मौका

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** झारखंड के सरकारी स्कूलों में इंटर्नशिप, इंडस्ट्रियल विजिट और गेस्ट लेक्चर का कॉन्सेप्ट शुरू होने जा रहा है। सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। राज्य में वर्तमान में 11 तरह की व्यावसायिक शिक्षा वोकेशनल के छात्रों को दी जा रही है। जॉब रोल की प्राथमिकता के आधार पर बच्चों को इंटर्नशिप के लिए अलग-अलग संस्थाओं में भी भेजा जा रहा है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने हेडमास्टरों को निर्देश दिया है कि जरूरत पड़ने पर बच्चों को सरकारी संस्थाओं में भी इंटर्नशिप कराने के लिए प्रस्ताव तैयार करें। इंटर्नशिप केवल कक्षा 11वीं और 12वीं के वोकेशनल बच्चों के लिए ही मान्य होगा। व्यावसायिक शिक्षा को लेकर शुक्रवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के ऑफिस में जिला स्तरीय शिक्षा पदाधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें बच्चों के अंदर व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ह्यइंटर्नशिप, इंडस्ट्रियल विजिट और गेस्ट लेक्चरह्न पर जोर देने का निर्देश दिया गया ।राज्य के 446 स्कूलों में वोकेशनल की इंटर्नशिप अब शुरू होने वाला है। बच्चों को इंटर्नशिप में भेजने से पहले स्कूल प्रबंधन उनके कार्यस्थल की जांच करेंगे। निरीक्षण कर यह पड़ताल किया जाएगा कि कार्यस्थल बच्चों के कार्य करने के लिए सुगम और सुरक्षित है भी या नहीं। खास तौर पर बच्चियों की सुरक्षा की वहां क्या व्यवस्था है। संबंधित संस्था से बात कर बच्चों के आने-जाने और ठहरने की व्यवस्था की पूरी जानकारी ली जाएगी। हेडमास्टर और वोकेशनल ट्रेनर समय-समय पर कार्यस्थल का निरीक्षण भी करेंगे और इसकी निगरानी करेंगे कि बच्चे इंटर्नशिप के लिए जा रहे हैं या नहीं ।कार्यक्रम के स्टेट कोऑर्डिनेटर स्वप्निल कुजूर ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि बच्चों को 80 घंटे का इंटर्नशिप अनिवार्य रूप से कराया जाए। वोकेशनल के बच्चों का बैंक अकाउंट भी खोला जाए, ताकि बच्चों के खातों में डीबीटी के माध्यम से पैसे भेजे जा सकें। उन्होंने कहा कि वोकेशनल के बच्चों को इंटर्नशिप के लिए 1200 रुपये का स्टाइपेंड मिलेगा। साथ ही प्रशिक्षण खत्म होने के बाद प्रमाण पत्र के रूप में उन्हें सर्टिफिकेट दिया जाएगा। बच्चों को इंटर्नशिप कराने और व्यावसायिक शिक्षा देने में वीटी शिक्षकों का भी अहम योगदान होता है। इसे देखते हुए वीटी को भी प्रोत्साहन राशि के रूप में 75 रुपये प्रति छात्र दिया जाएगा ।कार्यशाला में पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि स्कूलों में किसी भी हालत में इंडस्ट्रियल विजिट को पिकनिक के रूप में नहीं मनाया जाए। बैनर, पोस्टर और फोटो खिंचवाने से ज्यादा शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाए। इंडस्ट्रियल विजिट के लिए प्रत्येक स्कूल को 7500 रुपये दिए गये हैं। वहीं कम से कम एक घंटे का गेस्ट लेक्चर आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। स्कूलों में वॉल ऑफ फेम भी तैयार करने के लिए कहा गया है, ताकि स्कूल की उपलब्धियों को जन-जन तक उस दीवार के माध्यम से पहुंचाया जा सके।

## न्यूज फटाफट

### 650 युवाओं का जत्था अमृत कलश लेकर 28 को जायेंगे दिल्ली

रांची: भारत के प्रत्येक गांव, पंचायत, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय में आयोजित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का समापन 31 अक्टूबर को नई दिल्ली में होगा। कर्तव्य पथ पर वार मेमोरियल के समीप आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत के प्रत्येक नागरिक देश की विरासत पर गर्व करें। साथ ही गुलामी मानसिकता से ऊपर उठकर माटी का नमन, वीरों का वंदन और देश को आजादी दिलाने में वीर गति को प्राप्त हुए करोड़ों वीर जवानों को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए आज के पीढ़ी को देश भक्ति से ओत प्रोत करना है। यह कार्यक्रम 09 अगस्त से प्रारंभ होकर देश के लाखों गांवों, कस्बों, ग्राम पंचायतों, शहरी मुहल्लों, विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किए गए। झारखंड के लगभग 400 से ज्यादा महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों सहित कुल 22 हजार गांवों, पंचायतों, में कार्यक्रम झारखंड सरकार के प्रखंड एवं जिला प्रशासन के सहयोग के साथ नेहरू युवा केन्द्र संगठन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश रैली, अमृत वाटिका का निर्माण, शीलाफलकम, वीर जवानों का वंदन एवं वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूरे झारखंड राज्य में इस अभियान के अंतर्गत प्रभावी कार्यक्रम के माध्यम से लाखों युवाओं, नागरिकों को शामिल किया गया। झारखंड राज्य स्तरीय मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम 28 अक्टूबर को रांची रेलवे स्टेशन परिसर में 03:30 बजे दिन में आयोजित किया गया है। जिसमे राज्य के विभिन्न जिलों से संग्रहित अमृत कलश को एक अमृत कलश में मिट्टी, चावल डालकर एवं विश्वविद्यालयों संग्रह किए गए अमृत कलश में मिट्टी एवं चावल को एक अमृत कलश में डालकर से लाए गए अमृत कलश के मिट्टी एवं चावल को झारखंड राज्य के एक अमृत कलश में डालकर उसे रेलगाड़ी से नई दिल्ली भेजा जाएगा। झारखंड राज्य से नई दिल्ली के लिए 28 अक्टूबर को लगभग 650 युवाओं का जत्था रवाना किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में झारखंड सरकार के पर्यटन, कला, संस्कृति, युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग के पदाधिकारियों के साथ रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, नेहरू युवा केन्द्र संगठन के राज्य निदेशक श्रीमती हनी सिन्हा, राज्य एन एस एस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार सहित अन्य गणमान्य महानुभावों द्वारा राज्य स्तरीय अमृत कलश एवं युवाओं को रवाना किया जाएगा।

### चंद्रग्रहण आज, शाम 4.05 बजे से लग जाएगा सूतक

रांची: कल शनिवार की रात 1.45 मिनट पर साल का आखिरी चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। ग्रहण का मोक्ष रात्रि 2.24 मिनट पर होगा। इस ग्रहण के दौरान कुछ खास सावधानियां बरतने की भी जरूरत है। पं. विपिन कुमार झा ने कहा कि शनिवार को आश्विन शुक्ल पूर्णिमा को चंद्रग्रहण भारत में दृश्य होगा। भारतीय मानक समयानुसार ग्रहण का स्पर्श प्रारंभ रात्रि 1.05 बजे आरंभ होगा। जबकि ग्रहण का सूतक नौ घंटा पूर्व यानि सायं 4.05 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। ग्रहण का मध्य रात्रि 1.45 मिनट और मोक्ष रात्रि 2.24 बजे होगा। ग्रहण का स्पर्श, मध्य व मोक्ष तीनों भारत में दिखाई देगा। ग्रहण काल में पूजन व भोजन नहीं करना चाहिए। बीमार व बुजुर्ग के अलावा गभर्वती महिलाओं को आंगन या छत पर जाना वर्जित किया गया है। यह ग्रहण भारत के अतिरिक्त पश्चिमी व दक्षिण प्रशांत महासागर, आस्ट्रेलिया, एशिया, यूरोप, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका के पूर्वी भाग, उत्तर अमेरिका के उत्तर व पूर्वी भाग, अटलांटिक महासागर तथा हिंद महासागर में दिखाई देगा।

### अनुशासन के साथ पढ़ाई उज्जवल भविष्य के लिए जरूरी : डॉ. नबोर

रांची: संत जेवियर्स कॉलेज रांची में नए सत्र में नामांकित स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज में नये आये विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में जेसुइट शिक्षा प्रणाली एवं विरासत पर चर्चा की गयी। इसके बाद विद्यार्थियों को कॉलेज के विजन एवं मिशन के बारे में बताया गया। साथ ही विद्यार्थियों को कॉलेज में उपलब्ध सारी सुविधावों, दिशा-निर्देशों एवं कॉलेज के विभिन्न कमिटियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश देकर बताया गया कि वे अपने शैक्षिक जीवन को गंभीरता से लें और कठिन मेहनत करें। कॉलेज के रेक्टर डॉ. अलेक्सियुस एक्का ने कहा कि विद्यार्थियों यहां अच्छी शिक्षा लेने आये है। सभी मन लगाकर पढ़ाई करे ताकि यहां से पढ़ाई खत्म कर जाने के बाद आमलोगों को देश और समाज के लिए बहुत काम करना है। मेरी शुभकामनाएं सभी के साथ है। प्राचार्य डॉ. नबोर लकड़ा ने कहा कि अनुशासन के साथ पढ़ाई छात्रों के बेहतर और उज्जवल भविष्य के लिए जरूरी है। आम सभी अनुशासन के साथ यहां शिक्षा ग्रहण कर समाज और देश में उच्च स्थान को प्राप्त करें, यही हमारी कामनाएं है। कार्यक्रम में उप-प्राचार्य डॉ. अजय मिंज, रजिस्ट्रार डॉ. केनेडी सोरेंग, विभागाध्यक्ष डॉ. संजय घोष, डॉ. अजय श्रीवास्तव, डॉ. जयप्रकाश पाण्डेय आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में सभी विभाग के प्राध्यापक व नए सत्र के विद्यार्थी सहित अन्य उपस्थित थे।

### रांची में प्याज 60 रुपए किलो

रांची: टमाटर के दाम नीचे आने के बाद अब प्याज की कीमत ने रफ्तार पकड़ ली है। राजधानी रांची के खुदरा मार्केट में प्याज 60 प्रतिशत प्रति किलो बिक रहा है। वहीं, पंडरा के थोक मार्केट में प्याज 42 से 48 किलो बिक रहा है। कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में प्याज और महंगा हो सकता है। फिलहाल राजधानी रांची में प्याज की सप्लाई नासिक और स्थानीय बाजारों से हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि अफगानिस्तान से प्याज अमृतसर के बाजार में बिकने लगा है। थोक में यह 45-50 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। इस कारण यहां के कारोबारी इसे आयात करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। आलू-प्याज थोक विक्रेता संघ के प्रेसिडेंट मदन कुमार के मुताबिक, प्याज सस्ता होने में करीब एक से डेढ़ महीने का समय लगेगा। नई फसल आने के बाद कीमतों में नरमी की संभावना है। इस बार अतिवृष्टि के कारण फसल को नुकसान हुआ है।

### महेश्वरी भवन में भारत नाम सम्मान पर विचार गोष्ठी आज

रांची: मैं भारत हूँ फाउंडेशन एवं श्री माहेश्वरी सभा के संयुक्त तत्वावधान मे कल अपराह्न 11:30 बजे से माहेश्वरी भवन में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसका विषय होगा भारत को केवल भारत ही बोला जाए इंडिया नहीं' एक देश एक नाम के तर्ज पर 'भारत नाम सम्मान। कार्यक्रम के संयोजक मुकेश काबरा ने बताया विचार गोष्ठी कार्यक्रम मे मैं भारत हूँ फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार जैन (मुंबई) तथा कई राष्ट्रीय पदाधिकारीगण भाग लेंगे। विचार गोष्ठी में रांची के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू एवं महुआ मांझी, पूर्व सांसद अजय मारू एवं महेश पोद्दार, नगर के विशिष्टगण और सभी सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य प्रतिनिधियां भाग लेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्री माहेश्वरी सभा रांची के अध्यक्ष किशन कुमार साबू, सचिव नरेंद्र लखोटिया, कार्यक्रम संयोजक मुकेश काबरा, मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ, माहेश्वरी महिला सभा एवं माहेश्वरी युवा संगठन सहित अन्य लोग सहयोग कर रहे है।

### तापमान में और होगी गिरावट अगले तीन दिनों में बढ़ेगी ठंड

रांची: राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में गुलाबी ठंड ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। सुबह और शाम की ठंडी हवाओं ने अब लोगों को गर्म कपड़ों के जरूरत की एहसास दिलाने भी शुरू कर दिए हैं। मौसम विभाग ने संकेत दिए है कि राज्य में आने वाले दिनों तापमान में गिरावटें दर्ज की जाएगी। जिससे ठंड में और बढ़ोत्तरी होगी। सुबह होते ही ठंडी हवा चलने लगी है। जिससे लोगों का ठंड का एहसास होने लगा है।

दुर्गा पूजा के बाद दिल्ली लौटने मे हो रही परेशानी तो न लें टेंशन

# आज चलेगी स्पेशल ट्रेन

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:**दुर्गा पूजा के खत्म होने के बाद दिल्ली लौटने वाले यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए हटिया से दिल्ली के बीच स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा। इस संबध में रांची रेल मंडल की ओर से जानकारी दी गयी है। जिसमें बताया गया है कि ट्रेन संख्या 08857 हटिया नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन की यात्रा 28 अक्टूबर और ट्रेन संख्या 08858 नई दिल्ली- रांची स्पेशल ट्रेन की यात्रा एक नवंबर को होगी। इन ट्रेनों में एसएलआरडी के 02 कोच, सामान्य श्रेणी के 10 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर क्लास के 11 कोच, एवं रसोई यान का 01 कोच , कुल 24 कोच होंगे।28 अक्टूबर को ट्रेन हटिया से रात 8: 15 मिनट पर प्रस्थान करेगी। रांची से प्रस्थान 8: 50 बजे, मुरी से प्रस्थान 10 बजे, बोकारो स्टील सिटी से प्रस्थान 11 बजे, गोमो से प्रस्थान रात बारह बजे, कोडरमा आगमन से प्रस्थान रात एक बज कर 20 मिनट पर होगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय से प्रस्थान सुबह 07: 55 बजे, प्रयागराज से प्रस्थान 11: 55 बजे, कानपुर से प्रस्थान 2: 20 मिनट पर, नयी दिल्ली आगमन रात के 11 बजे होगा। इस दौरान ट्रेन नई दिल्ली से प्रस्थान 23: 30 बजे करेगी। कानपुर आगमन सुबह छह बजे होगा। प्रयागराज से प्रस्थान 9: 40 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय आगमन 1: 05 गया से प्रस्थान 4: 35 बजे, कोडरमा से प्रस्थान 6 बजे, गोमो से प्रस्थान 7: 35 बजे, बोकारो स्टील सिटी प्रस्थान 8: 50 बजे प्रस्थान, मुरी से प्रस्थान 10: 00 बजे, रांची आगमन रात 11: 20 बजे होगा। और हटिया आगमन 11:55 बजे होगा।

17.12 फीसदी उंची दर पर होगा टेंडर फाइनल

# रांची शहरी जलापूर्ति फेज-2 पैकेज-सी परियोजना पर काम जल्द होगा शुरू

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** शहरी जलापूर्ति फेज-2, पैकेज- सी परियोजना की लागत 17.12 फीसदी तक बढ़ गयी है। सरकार ने इस लागत वृद्धि पर जलापूर्ति योजना पूरी करने की अपनी मंजूरी भी प्रदान कर दी है। नगर विकास विभाग ने इस संबंध में संकल्प भी जारी कर दिया है। एशियन डेवलपमेंट बैंक संपोषित झारखंड अर्बन वाटर सप्लाई इम्प्रुवमेंट प्रोजेक्ट के अंतर्गत टेंडर में सक्षम निविददााता द्वारा निवेदित राशि 74, 55, 71,00826 जो स्वीकृत प्राक्कलित राशि की दर से 12।95 प्रतिशत और पूर्व में प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति की राशि से 17.12 प्रतिशत अधिक है।हालांकि, इस परियोजना निर्माण के बाद पांच वर्षो के रख-रखाव के साथ एक सितंबर 2022 को 88.57 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी थी। इसके बाद जुडको ने टेंडर आवंटित किया। दो बार निविदा जारी हुई जिसमें दो संवेदकों ने भाग लिया। एल वन निविदादाता ने 12.95 प्रतिशत अधिक व एल दो निविदादाता ने 18 फीसदी उंची दर पर टेंडर भरा था। पूरे मामले पर एलवन को काम करने के लिए निविदा शर्तो में सशोधन किया गया और इसकी मंजूरी सरकार से ली गयी। इसके साथ रांची शहरी जलापूर्ति फेज-2 पैकेज सी में निविदा निस्तार विभागीय स्तर पर 10 फीसदी की सीमा को शिथिल कर विभाग को अधिकार दिए गये जिसमें अब वे 17 फीसदी से अधिक उंची दर पर निविदा फाइनल करेगा ओर काम एलवन कंपनी को आवंटित करेगा।इस योजना के तहत रांची शहर के छूटे हुए क्षेत्रों में पाइपलाइन से जलापूर्ति पहुंचायी जायेगी। जलमीनार इत्यादि बनाये जायेंगे। नये पाइपलाइन बिछाये जायेंगे। बिजली इत्यादि का खर्च भी पांच साल तक कंपनियों को दिया जायेगा। एडीबी 70 फीसदी राशि देगा वहीं, राज्य सरकार 30 फीसदी राशि वहन करेगी।

# लालपुर में पोताला मार्केट का विधायक ने किया शुभारंभ

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** ठंड के दस्तक देते ही राजधानी में गर्म कपड़ों के बाजार सजने लगे हैं। हर साल की तरह इस वर्ष भी तिब्बत से आये लोगों द्वारा पोताला स्वेटर मार्केट का शुभारंभ लालपुर स्थित सर्कुलर रोड में महेंद्र प्रसाद महिला महाविद्यालय के निकट किया गया है। पिछले 53 साल से रांची में तिब्बत के लोगों द्वारा बाजार लगाया जा रहा है। इस बार कुल 58 स्टॉल लगाये गये हैं, जिनमें तरह- तरह के गर्म कपड़े उपलब्ध हैं। यह मार्केट जनवरी तक चलेगा। शुक्रवार को इसका उद्घाटन रांची के विधायक सीपी सिंह ने किया। कहा कि रांची ही नहीं भारत के विभिन्न राज्यों में तिब्बती लोग जीवन यापन के लिए भारत में स्वेटर का व्यापार करते हैं। कुछ ऐसे भी लोग हैं, जो पोताला बाजार लगाने वाले तिब्बत के लोगों को नेपाली या चीनी समझने की गलती करते हैं। कार्यक्रम में पद्मश्री मुकुंद नायक द्वारा झारखंड के संस्कृति गीत एवं नृत्य से तिब्बत से आए बिक्रताओं का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेरिंग दोरजी चुंग ने की। उन्होंने कहा कि पोताला बाजार में बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं के लिए गर्म कपड़ों के साथ सिर से पैर तक के गर्म कपड़े, स्वेटर, ग्लव्स, टोपी उपलब्ध है। कहा कि पिछले 53 वर्षों से झारखंडवासियों का प्यार हमें मिलता आया है। इसके लिए झारखंडवासियों का आभार व्यक्त करता हूं।

# किसानों के बीच कृषि उपकरण का वितरण

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** सोनाहातू प्रखंड परिसर में कृषि विभाग द्वारा एनएफएसएम योजना के तहत प्रगतिशील किसानों के बीच 80 प्रतिशत अनुदान पर 10 पावर स्प्रेयर, पांच मेनवल स्प्रेयर और तीन पानी मशीन (पंप) का वितरण किया गया। कृषि उपकरण का वितरण बीडीओ खगेश कुमार,बीएओ विष्णु खंडित ओर बीटीएम दीनानाथ भगत ने संयुक्त रूप में किया। किसान कृषि उपकरण का उपयोग सूखा की स्थिति से निपटने के लिए करेंगे।

योजना > आयुष्मान कार्ड बनाने पर विशेष जोर

# बीमारियों का रिकॉर्ड रखने को झारखंड में अबतक बने 70 लाख आभा कार्ड

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** आरसीएच सभागार, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड में संयुक्त सचिव-सह-वित्त परामर्शी, स्वास्थ्य मंत्रालय (केंद्र सरकार) गयासुद्दीन अहमद की अध्यक्षता में शुक्रवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में श्री अहमद ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि अस्पताल में आनेवाले सभी मरीजों का आयुष्मान कार्ड का स्क्रीनिंग किया जाय. जिन व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है और अगर वह इसके योग्य है तो उनका आयुष्मान कार्ड बनाया जाय. अधिक से अधिक सहियाओं को प्रोत्साहित करें कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों का ी-ङउ करा सकें जिससे अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ मिल सके.श्री अहमद ने समीक्षा बैठक के दौरान यह निदेश भी दिया कि झारखण्ड में सभी लोगों का आभा कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा जाय। उनको क्या-क्या बीमारी है, उसका डिजिटल रिकार्ड अस्पताल में उपलब्ध हो जिससे उनका इलाज करने में आसानी हो। उन्होंने कहा कि दिल्ली, मुम्बई, केरल आदि शहरों में यह कार्य हो रहा है। झारखण्ड राज्य में अभी तक 70 लाख 71 हजार लोगों का आभा कार्ड बनाया जा चुका है। समीक्षा बैठक के दौरान आयुष्मान भारत योजना के साथ- साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड के अंतर्गत चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं की भी भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा उन्होंने की।

अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड आलोक त्रिवेदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि अधिक से अधिक लोगों का स्क्रीनिंग कर आयुष्मान कार्ड बनाएं. बताया कि सरकार आभा कार्ड बनाने के लिए प्रयासरत है, इसके लिए लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है. समीक्षा बैठक के दौरान डा0 वीरेन्द्र कुमार, निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, मनोज कुमार, निदेशक वित्त, लक्ष्मी नारायण किशोर, प्रशासी पदाधिकारी, डा0 राकेश दयाल, नोडल पदाधिकारी, विभिन्न कार्यक्रमों एवं कोषांगों के नोडल पदाधिकारी, विभिन्न कार्यक्रमों एवं कोषांगों के परामर्शी, आयुष्मान परामर्शी एवं एड्स कन्ट्रोल के परामर्शी व अन्य भी उपस्थित थे।

### मो. सईद की सर परस्ती में गौसुलवरा कांफ्रेंस सम्पन्न

रांची: एदारा ए शरीया झारखंड के सरपरस्त मो. सईद की सरपरस्ती में उनके आवास में 11 वीं शरीफ के अवसर पर जश्ने गौसुलवरा कांफ्रेंस धूम- धाम के साथ सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत तेलावते कलाम पाक से की गई। उलेमा अहले सुन्नत के द्वारा नात शरीफ पढ़ी गई एवं गौस पाक की जीवनी पर तकरीर कर उनके बताए गए राह पर चलने का आह्वान किया गया। उलेमाओं द्वारा अपनी तकरीर में शैक्षणिक जागरूकता पर बल देते हुए आपसी भाईचारे के साथ सभी से मिलजुल कर रहने की बात कही गई। शायर ए इस्लाम मौलाना हाजी थदिलकश रांचवी की मशहूर नात शरीफ नाव बढ़ा ले नाव ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन मौलाना नूर मोहम्मद ने किया।सामूहिक दुआ के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से एदारा ए शरीया झारखंड के सरपरस्त मो. सईद, कारी अय्यूब, मौलाना नेजाम,मुफ्ती जमील साहब, मुफ्ती एजाज साहब, मौलाना मसूद फरीदी, मौलाना शम्स तबरेज,मौलाना शमसाद,कारी शौकत साहब, कारी अबू तालिब, मो. ,मो. मकसूद सहित सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**शहर >> अपडेट**

### जमीन विवाद को लेकर महिला की हत्या

**तमाड़** :थाना क्षेत्र के परासी पंचायत के टोला सोयदा में गुरुवार को एक महिला मादेय देवी की हत्या धारदार हथियार तोनो से काटकर कर दिया। घटना के संबंध मिली जानकारी अनुसार मादेय देवी 38 वर्ष और उसकी लड़की सुकरू कुमारी 15 वर्ष अपने टाड खेत में गोड़ा धान की कटाई कर रही थी। इसी बीच 3 :00 बजे के आसपास गांव के ही पिटु मुंडा ने अपने तोनो से मादेय देवी को वार कर दिया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल ही हो गयी। वही उसकी बेटी ने भाग कर अपनी जान बचाई 5 साल पहले से ही पिटु मुंडा से जमीन सम्बन्ध को लेकर झगड़ा हुई था। इसी घटना को पीटू मुंडा ने गुरुवार को मौका देखकर मादेय देवी की हत्या कर दी। पुलिस शव को कब्जे में कर थाना ले आयी। पुलिस मामले की छानवीन में जुड़ गई है। पुलिस का कहना है की जमीन संबंधी विवाद है।

**क्राइम शॉर्ट अपडेट्स >>**

### टैक्टर की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल

**तमाड़** : तमाड थाना क्षेत्र अन्तर्गत तमाड़ खूंटी रोड में मकवादार के निकट ट्रैक्टर के चपेट में आने से एक महिला ममता देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना सुबह साढ़े नौ बजे की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार मंडाबुरु तैमारा निवास मनसा मुंडा व उसकी पत्नी ममता देवी अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर अड़की की ओर से आ रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर ने उसे अपने चपेट में ले लिया। जिसमें ममता देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। ममता देवी का प्राथमिक इलाज तमाड़ अस्पताल में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेज दिया गया।

**मतदान**

## डीईओ सह डीसी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

# बीएलओ से नये मतदाता सूची की ली जानकारी

- सेल्फी लेकर उनके महत्व को बताया
- मतदान केंद्रवार मतदाताओं की संख्या की जानकारी ली
- डीसी ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर बीएलओ का उत्साहवर्धन किया



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो** : डीईओ सह डीसी कुलदीप चौधरी ने जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मौके पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ चास मिथिलेश कुमार, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार कनिष्क, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।
डीईओ सह डीसी ने राजकीयकृत मध्य विद्यालय एसबीएस चास स्थित मतदान केंद्र 416, 417, 418, 419, 420, 421, 422, 423, 424, 425, 426, 427, 428, 429,430, 431, 432, 434, 435, 436, 437, 438 का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित ( बीएलओ से एकीकृत मतदाता सूची उपलब्ध होने की जानकारी ली। डीईओ सह डीसी चास प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कमलडीह मतदान केंद्र संख्या 533 एवं 534 पहुंचें। वहां भी उन्होंने बीएलओ एवं उपस्थित मतदाताओं से बात की। मतदान केंद्रवार मतदाताओं की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने सेक्टर 12 बी स्थित मतदान केंद्र सामुदायिक भवन केंद्र का भी जायजा लिया। वहीं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देश पर शुक्रवार को एक घंटे विशेष हैश टैग अभियान मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है में शामिल हुए। डीईओ सह डीसी ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर बीएलओ का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सेल्फी लेकर उनके महत्व को रेखांकित किया।

## सांसद ने किया स्वास्थ्य उपकेंद्र का उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

बोकारो : सांसद धनबाद पशुपति सिंह ने पिंडाजोरा में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत 55 लाख की लागत से स्वास्थ्य उपकेंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद श्री सिंह ने कहा कि मोदी जी की सरकार सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। भारत के जन जन को उच्च स्तरीय स्वास्थ सुविधाएं मिले इसे सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। सुदूर क्षेत्रों में भी स्वस्थ सुविधाएं मिले इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। लोगों के अपेक्षाओं के अनुरूप मोदी के नेतृत्व में सरकार काम कर रही है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भईया आरएन ओझा, जयदेव राय, मुखिया कृष्णा महतो, अशोक कुमार वर्मा, सागर सिंह चौधरी, विधायक प्रतिनिधि माथुर मंडल, अशोक महथा, मिर्गेंद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र महथा, विशाल सिंह, हर्ष सिंह, किशोर कुमार, रघुनाथ टुड्डू, जितेंद्र नाथ महतो, राज कुमार गोप, विकाश पांडे सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी सांसद प्रतिनिधि सह मीडिया प्रभारी विद्या सागर सिंह ने दी।

## रोटरी क्लब चास के सहयोग से दंत जांच शिविर का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**चास** : डॉ एस राधाकृष्णन बीएड कॉलेज में शुक्रवार को रोटरी क्लब चास के सहयोग से दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर में कई छात्र-छात्राओं के दांतों में समस्या पाई गई। दंत विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अध्यनरत सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को दांतों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश कोठारी ने सभी डॉक्टरों, आगुन्तको, स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि जांच शिविर से छात्र-छात्राओं में अपने दांतों एवं स्वास्थ्य के प्रति नई चेतना विकसित होगी। इस अवसर पर दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अमरेश ने छात्र-छात्राओं को सुबह शाम नियमित रूप से सफाई करने की सलाह दी। डॉ अमरेश ने कहा कि मुंह और दांतों से संबंधित बीमारियों से पेट और दिल पर भी असर पड़ता है इसलिए हर व्यक्ति को 6 माह में एक बार विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा जांच करवानी चाहिए। शहर के प्रख्यात दंत चिकित्सक डॉ संजीव ने कहा कि दांत हमारे शरीर का अहम हिस्सा है। सुंदरता के साथ-साथ पाचन शक्ति पर भी दातों की बीमारी का असर पड़ता है तथा लोगों को असहनीय पीड़ा भी सहन करनी पड़ती है, इसलिए दांतों की सफाई अत्यावश्यक है। क्लब के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा हमारे दांत ठीक रहेंगे तो हम पूर्ण स्वस्थ रह सकते हैं। अध्यक्ष पूजा बैद एवं सचिव डिंपल कौर ने संयुक्त रूप से कहा कि ऐसे शिविर के आयोजन से समाज में जागरूकता आती है। बीएड कॉलेज के सचिव विनय सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए जागरूकता कार्यक्रम के लिए रोटरी क्लब चास का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे सैकड़ो छात्र लाभान्वित हुए हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीएड कॉलेज के गुलाम रसूल अंसारी, सुनीता कुमारी, आरती कुमारी, कुमारी चायना डे, सुरेश कुमार साव, हरेंद्र कुमार साव, सुबिनय कुमार सेन, शिव कुमार डांगी, हरिहर, रोटरी क्लब के मंजीत सिंह, मुकेश अग्रवाल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

**न्यूज फटाफट**

### मंदिर के सफाई सेवक को सम्मानित किया



**बोकारो** : तुपकाडीह स्टेशन रोड स्थित दुर्गा धाम मंदिर की रोजाना साफ-सफाई और देखरेख करने वाले जगदीश भट्ट को मंदिर कमेटी एवं कनारी पंचायत के प्रतिनिधियों ने अंग वस्त्र व अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। उप मुखिया राजू महतो ने बताया कि जगदीश सदैव निस्वार्थ भाव से मंदिर की सफाई व्यवस्था संभालते आये हैं। जगदीश ने कहा कि जब तक ताकत रहेगा मां भगवती की सेवा करता रहूंगा। मौके पर भाष्कर अग्रवाल, संतोष महतो, सौरभ भट्ट, राहुल महतो, आशीष महतो, विष्णु नीरज वर्णवाल आदि मौजूद रहे।

### भारतीय वैश्य महासभा के अभियान में छह लोगों ने किया नेत्रदान व देहदान



**बोकारो** : भारतीय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर कुमार गुप्ता ने चास-बोकारो के दर्जनों स्थानों में नेत्रदान व शरीर दान अभियान चलाया। साथ ही लोगों से मिलकर नेत्रदान व देहदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान 6 लोगों ने नेत्रदान व देहदान किया है। जिसमें चास कुंवर सिंह कालोनी के शंकर कुमार गुप्ता, चास के सतीश चंद्र गुप्ता, आशा गुप्ता, संजय कुमार व संजीव कुमार वर्णवाल शामिल है। इस तरह के दान से कई जरूरतमंद लोगों का जिंदगी बचाई गई है। इसलिए सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति मृत्यु से पहले अपने शरीर के अहम अंग को दान कर सकते है। ताकि लोगों को नई जिंदगी मिल सके। कहा कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है। सभी व्यक्ति इस तरह के पहल को आगे बढ़ने की जरूरत है। संस्था हर वर्ष रक्तदान शिविर लगाकर रक्तदान करती है ताकि जरूरत मंद को रक्त मिल सके।

### बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ को पूर्ण एवं स्थायी संघ की मान्यता मिली

**बोकारो** : झारखंड बास्केटबॉल संघ के महासचिव जय प्रकाश सिंह,चैयरमैन मो. आरिफ आफताब एवं पर्यवेक्षक तकनीकी समिति की उपस्थित में बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की बैठक हुई। अध्यक्षता मनीष सिंह ने की। इस दौरान झारखंड बास्केटबॉल संघ के महासचिव जय प्रकाश सिंह एवं मो आरिफ आफताब ने बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ की सभी सकारात्मक गतिविधियों को देखते हुए झारखंड ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त झारखंड बास्केटबॉल संघ द्वारा बोकारो जिला बास्केटबॉल संघ को पूर्ण एवं स्थायी संघ की मान्यता दी। झारखंड बास्केटबॉल संघ के महासचिव ने बोकारो सहित झारखंड में बास्केटबॉल खेल के विकास के लिए सुझाव दिए और भविष्य में बास्केटबॉल के कई गतिविधियों की जानकारी दी। और कहा कि संजीव कुमार एवं उनके सम्मानित सदस्य के नेतृत्व में बास्केटबॉल का सकारात्मक विकास होगा। उन्होंने मनीष सिंह को अध्यक्ष, संजीव कुमार सचिव, बिनोद कुमार कोषाध्यक्ष, निखिल ओझा, सुधिर कुमार सिंह, विजय कुमार मिंज एवं मनोज दुबे को सम्मानित कार्यकारी सदस्य मनोनित किया गया। इस बैठक में मुकेश गुप्ता, प्राचार्य, राम लखन मिस्त्री, रण विजय ओझा एवं सौरभ उपस्थित थे।



## जमना इंडस्ट्रीज ने 27 छात्र छात्राओ को किया सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**चांडिल** : जमना ऑटो इंडस्ट्रीज द्वारा शुक्रवार को चांडिल प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय कल्यापुर चिल्पु में मैट्रिक परीक्षा में 70% प्रतिशत से आधीक अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले कुल 27 छात्र- छात्राओं को साइकिल व स्मार्टफोन देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान 70% प्रतिशत से आधीक पर उत्तीर्ण हुये बीस छात्र छात्राओं को साइकिल एवं 80 % प्रतिशत से अधिक लाये सात छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में चांडिल के अनुमंडल पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो उपस्थित थे।इसदौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने छात्र छात्राओं का उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए अपने हाथों से छात्र छात्राओ को साइकिल व स्मार्टफोन वितरण किया। इस अवसर पर प्लांट हेड सुधीर चंदले, प्रधान अध्यापक हीरा मार्डी, प्लांट जीएम अशोक कुमार बेरा, एचआर हेड डी.पी ज्योतिषि, आरके पांडेय, रीतेश मुखर्जी, नीतिई बरात मोदक, अशोक सोरेन, जयनंदन शर्मा, सिमोल हांसदा एवं शिक्षक सोमनाथ मंडल, संतोषी कुमारी, मृणाल कान्ति दत्त, डॉ.रोशनी, सूर्यवाला सिंह, पूनम खेस्स, चन्द्र शेखर बेरा, रजत मुण्डू, मलिन कु. महतो, श्यामा लायेक, सीमा सिंह मुण्डा, कृष्ण चन्द्र महतो ,गौतम गोप आदि मौजूद मौजूद थे।

## आंदोलनकारियों को पेंशन व उचित व्यवस्था का लाभ दे सरकार



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो** : किसान मजदूर संघ कार्यालय चास में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक को हुई। अध्यक्षता अरुण महतो व संचालन पार्वती चरण महतो ने किया। मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि झारखंड सरकार जल्द सभी आंदोलनकारियों को पेंशन के साथ साथ उचित व्यवस्था का लाभ देने का काम करें। अगर आंदोलनकारियों को लाभ नहीं मिला तो विधानसभा का घेराव किया जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार से झारखंड आंदोलनकारियों को सरकारी लाभ देने की मांग की। कहा कि राज्य सरकार झारखंड आंदोलनकारियों पर ध्यान नहीं देने से स्थिति खराब होती जा रही है। साथ ही कई आंदोलनकारियों का स्थिति खराब है। इसलिए सभी आंदोलनकारियों को सरकारी लाभ दे। तभी जाकर आंदोलनकारियों का मान सम्मन बचेगा। किसान मजदूर संघ के महामंत्री राजेश महतो ने कहा कि राज्य सरकार को आंदोलनकारियों पर ध्यान देने की जरूरत है। तभी जाकर राज्य सरकार को सम्मान बचेगा। मौके पर राजेश महतो, शिवचरण मुंडा, गणेश दास, सुभाष महतो, सुधांशु शेखर, कुमुद चंद्र महतो, चित कुमार सह, जटाधारी रजवार, कमरुद्दीन अंसारी, जय प्रकाश बाउरी, रूप लाल महतो, महेश्वर रजवार, किशोर किस्कु, कालीपद रजवार, एसएन सिंह, गोपाल दास आदि उपस्थित थे।

## झामुमो की सरकार ने राज्य के जनता को ठगने का किया काम



राष्ट्रीय खबर

**चांडिल** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा को लेकर राज्य के भ्रमण पर हैं। बाबूलाल झारखंड में चल रही महागठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के टीकर हाई स्कूल मैदान में आयोजित संकल्प यात्रा की जनसभा में हेमंत सरकार पर जमकर हमला किया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार पिछले पौने 4 साल से सिर्फ बड़ी-बड़ी घोषणाएं करती रही है। इन्होंने चुनावी घोषणा पत्र में ही नहीं बल्कि विधानसभा में भी युवाओं को रोजगार देने, कानून व्यवस्था सुधारने सहित विकास कार्यों के कई दावे किए। किसी भी बातों का अनुपालन नहीं किया। जनता को ठगने का काम किया है। कहा कि झारखंड की जनता को दिग्भ्रमित कर सत्ता हासिल की है। कहा कि लोगों के जीवन को दूभर करने वाली इस सरकार को झारखंड से उखाड़ फेंकना है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सुशासन वाली सरकार बनानी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर लगातार हमलावर बाबूलाल यहां भी जमकर बरसे। उनकी तल्खियां एकाबर फिर राज्य के कानून इंतजमात पर दिखी और सवाल उठाया कि कानून का राज खत्म हो गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि बेधड़क माफिया बालू, कोयला, पत्थर तस्करी कर लूट मचाए हुए हैं। बाबूलाल ने शिबू सोरेन के परिवार को भी घेरा और कहा कि रांची से लेकर संथाल परगना तक सबसे ज्यादा जमीन इसी परिवार की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपानीत एनडीए सरकार की देन है झारखंड। यहां आदिवासी-मूलवासियों के विकास के लिए अलग राज्य बनाया गया था। लेकिन आज सत्ता में बैठे लोग खुद की तिजोरी भरने में लगे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में पुलिस-प्रशासन लोगों को लूटने में लगा है। बिना पैसे के कोई काम कहीं नहीं हो रहा है। आज अपराधी बेलगाम हैं। राज्य में रोज हत्या, अपहरण, डकैती की घटनाएं हो रही। अधिकारियों का काम अब केवल वसूली करना रह गया है। झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल ने केंद्र की मोदी सरकार की तारीफ की और बताया कि गरीबों की जिंदगी भाजपा सरकार ने बदली है। मां और बहनों की तकलीफ मोदी सरकार ने ही समझा है। उन्होंने पीएम नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने जो कहा वह करके दिखा दिया। गरीबों को जनधन खाता खुलवाकर उनकी जिंदगी आसान बनाई। हर गरीब को पांच किलो अनाज दिया ताकि कोई भूखा न रहे। अच्छा स्वास्थ्य मिले इसे लेकर आयुष्मान भारत कार्ड बनाकर चिकित्सा सुविधा दी। इसके साथ ही कम कीमत पर दवा मिले, इसे लेकर जनऔषधि केन्द्र खोला।

**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

**अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (3rd Call)**
**PR No.-306205 Dated : 04.09.2023**

अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- **122/2023-24** दिनांक :-27.10.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नांकित के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | अक्षर में (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-GAR-13/2023-24 | [illegible] | 1 | [illegible] पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.050 कि०मी०) | 1236.182 | बारह करोड़ छत्तीस लाख अठारह हजार दो सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | [illegible] | 2 | [illegible] पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.370 कि०मी०) | | | |
| | | [illegible] | 3 | [illegible] पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.300 कि०मी०) | | | |
| | | [illegible] | 4 | [illegible] पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 5.400 कि०मी०) | | | |
| | | [illegible] | 5 | [illegible] पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.680 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि–30.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय– 08.11.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय–09.11.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ____________

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 309985 (Rural Work Department)23-24*D

## शहर ›› अपडेट

### ग्रामीण विकास मंत्री ने किया अधिकारियों के साथ बैठक

**पाकुड़ :** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने शुक्रवार को परिषदन में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मीटिंग में मौजूद अधिकारियों से मंत्री आलमगीर ने चल रहे कार्यो की प्रगति की जानकारी ली और लंबित कार्यो को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं ग्रामीण विकास मंत्री ने क्षेत्र का भ्रमण भी किया। भ्रमण के दौरान ग्रामिणों द्वारा रखी गयी समस्याओं का निष्पादन करने का निर्देश भी विभागीय पदाधिकारियों को दिया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

### बालू स्टॉक के संबंध में जांच के आदेश

**हजारीबाग :** हजारीबाग खनन निरीक्षक राहुल कुमार जैसे ही बड़कागांव प्रखंड के बालू स्टॉक यार्ड का निरीक्षण करने पहुंचे सभी स्टॉक यार्डों पर सन्नाटा छा गया और जब बालू यार्ड से संबंधित कागजात मांगे गए तो कोई भी अपना कागज प्रस्तुत नहीं किया। जब स्थल पर पहुंचकर बालू स्टॉक यार्ड में संबंधित नियमों की जांच की गई तो किसी भी स्टॉक यार्ड में चार दिवारी नहीं थी। और ना ही एक दो को छोड़कर किसी में बोर्ड लगा था। हालांकि माइनिंग इंजीनियर ने बालू स्टॉक के संबंध में जांच कर बताने को कहा गया। जांच के दौरान बड़कागांव प्रखंड में चल रहे बालू स्टॉक यार्ड में से दीपक इंटरप्राइजेज, सूर्या सेंड स्टॉक, मनोज दांगी सेंड स्टॉक, मुस्कान एंटरप्राइजेज, यदु प्रसाद दांगी बालू यार्ड, अशोक महतो बालू यार्ड, बिंदेश्वर दांगी बालू यार्ड, पूनम सेंड स्टॉक यार्ड, रामानंद सेंड स्टोक यार्ड, प्रदीप दांगी बालू स्टॉक यार्ड, आरुषि सेंड स्टॉक यार्ड की जांच की गई। जिसमें पूनम बालू स्टॉक यार्ड और बिंदेश्वर दांगी के स्टॉक यार्ड में सूचना पट तक भी नहीं पाया गया। वहीं उक्त किसी में भी बाउंड्री नहीं देखा गया जिसके कारण रोड के किनारे के स्टॉक यार्डो से बालू के धूल कन सड़क की ओर उड़ते है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## संक्षिप्त ›› अपडेट्स

### विधायक ने ली बीएलओ के साथ सेल्फी

**हजारीबाग :** चौपारण प्रखंड के सभी बूथों पर शुक्रवार को बीएलओ का उत्साहवर्धन मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त प्रशिक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत किया गया। इस दौरान आम मतदाताओं के साथ साथ पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने भी बीएलओ के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से उनके हौसले को बढ़ाया। मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन के अवसर पर बरही विधायक सह सभापति निवेदन समिति उमाशंकर अकेला ने भी केबीएसएस+2 हाई स्कूल के बूथ संख्या 56 पर जाकर वहां उपस्थित बीएलओ मीना कुमारी के साथ सेल्फी लेते हुए कहा कि हमें अपने बीएलओ पर गर्व है। साथ ही उन्होंने वैसे युवाओं से भी मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने की अपील की जिनका उम्र 18 वर्ष हो गया हो या जनवरी 2024 तक होने वाला हो। वहीं मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, प्रमुख पूर्णिमा देवी, मुखिया पिंकी देवी, जानकी यादव, गंदौरी दांगी, रेखा देवी, ममता देवी, उषा देवी, अर्चना हेम्ब्रेम, पप्पू रजक, पंसस फैजान अजमेरी, विजय मधेशिया सहित सभी जनप्रतिनिधियों व युवाओं ने अपने बीएलओ के साथ सेल्फी लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। बता दें कि मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत दिनांक 9 दिसम्बर 2023 तक दावा आपत्ति अवधि निर्धारित की गई है। जिसके माध्यम से मतदाता सूची में पंजीकरण से लेकर त्रुटि सुधार बीएलओ के माध्यम से हो सकेगा।

**शुद्धिकरण**

प्रतिबंधित मांस बनाकर खाने के मामले में

# हेंसापोड़ा ग्रामीण क्षेत्रों में पांच दिनों से पेयजलापूर्ति बंद कराया

- पानी टंकी को कराया जाएगा सफाई
- होगी शुद्धिकरण, तब होगा पेयजलापूर्ति
- ग्रामीणों ने तत्काल टंकी के पानी को बहा दिया



राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़ :** रजरप्पा के नजदीक हेंसापोड़ा आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों ने पेयजलापूर्ति ठप करा रखा है। पेयजलापूर्ति ना हो इसके लिए ग्रामीणों ने पानी टंकी परिसर क्षेत्र में ताला बंदी कर रखी है। इस सम्बन्ध में बताया जाता है कि ग्रामीणों को सूचना मिली थी कि पानी टंकी परिसर क्षेत्र में एक समुदाय के मजदूरों ने अन्यत्र जगह से प्रतिबंधित मांस मंगाकर वहां बनाया और खाया। पश्चात मांस के कुछ अंश को पानी टंकी में डाल दिया और वही पानी क्षेत्र में सप्लाई होती रही। इसकी जानकारी जब ग्रामीणों को हुई, तो ग्रामीण विरोध करते हुए गए और परिसर क्षेत्र में मौजूद मजदूर के साथ मारपीट की। इसकी सूचना किसी ने 100 डायल कर पुलिस को दी। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची, परन्तु तबतक लोग क्षेत्र के प्रमुख द्वार में ताला लगाकर वहां से जा चुके थे। ग्रामीणों ने बताया कि आशंका पर ग्रामीणों ने तत्काल टंकी के पानी को बहा दिया और पानी सप्लाई बंद करा दी। पांच दिनों बाद गुरुवार को ग्रामीणों ने पानी सप्लाई के ठेकेदार के साथ बैठक की। ठेकेदार और कुछ मजदूरों के यह कहने पर की परिसर क्षेत्र में झारखण्ड से बाहर क्षेत्र के कुछ मजदूर काम करते हैं और रहते हैं। सूचना मिली कि कुछ मजदूरों ने क्षेत्र में प्रतिबंधित मांस बनाकर खाया है, परन्तु मांस का टुकड़ा टंकी में डाले जाने की बात भ्रामक है। वहां से टेलीफोन के माध्यम से पेयजलापूर्ति विभाग के कार्यपालक अभियंता से भी बात की गई। ठेकेदार द्वारा मजदूर को हटा दिए जाने के बाद सहमति बनी कि पानी टंकी की सफाई कराई जाएगी। उसके पश्चात शुद्धिकरण का कार्य होगा। तब जाकर क्षेत्र में पानी सप्लाई शुरू कराई जाएगी।

### पिछरी में काली पूजा को लेकर बैठक आयोजित



**बेरमो :** पेटरवार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पिछरी पंचायत के सार्वजनिक काली मंदिर प्रांगण में पूजा समिति की बैठक गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया छात्रधारी मिश्रा ने की। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पुराने समिति का पुनः बहाल रखा जाय।इस बैठक में पिछले साल के पूजा का आय व्यय प्रस्तुत किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से काली पूजा धूमधाम व शांतिपूर्ण तरीके से पूजा संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में पेटरवार प्रखंड प्रमुख शारदा देवी, रतन कुमार मिश्रा, ब्रजेश मिश्रा,कामेश्वर मिश्रा,चीकू मिश्रा,बजरंगी मिश्रा, गणेश मिश्रा,व्यास मिश्रा,अखिलेश मिश्रा,सूरज महतो, नारायण महतो, जयप्रकाश महतो, नकुल मिश्रा,राकेश मिश्रा, तपन मिश्रा, मुकेश मिश्रा,दीपक मिश्रा, संतोष मिश्रा, गोलू मिश्रा आदि लोग मौजूद थे।

### रघुवीर मेहता मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट पर कब्जा छावनी ने किया

**इचाक :** इचाक शहीद राजेश मिंज एवम रघुवीर मेहता मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला छावनी स्टेडियम इचाक में किया गया। यह टूनार्मेंट बरकट्ठा विधानसभा के भावी विधायक उम्मीदवार राजकुमार यादव के द्वारा कराया गया। फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि रंजन यादव प्रदेश अध्यक्ष एवं राजकुमार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष विशिष्ट अतिथि डॉ जावेद अख्तर, प्रदेश महासचिव कमलेश यादव प्रदेश महासचिव, इनामुल हक उपाध्यक्ष कोडरमा ,सोनम कुमारी, नीरज कुमार, राजबल्लभ मिंज शहीद राजेश मिंज के पिता ,नागेश्वर मेहता,मौलाना मुख्तार, ब्रज किशोर मेहता के द्वारा किक मारकर किया गया। फाइनल मैच जय हिंद क्लब कुटुमसुकरी एवम ट्रेनिंग सेंटर छावनी इचाक के बीच खेला गया।

डीएवी गुवा के कक्षा पंचम के बच्चों ने

# स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया



राष्ट्रीय खबर

**गुवा :** डीएवी गुवा के कक्षा पंचम के बच्चों ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत साफ-सफाई अभियान चलाया। इस संबंध में प्राचार्या उषा राय ने बताया कि यह स्वच्छता अभियान एक दिन का कार्यक्रम नहीं है। बल्कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। स्कूल के सारे शिक्षक-शिक्षिकाएं स्कूल कार्यालय, क्लास रूम, लैब, कम्प्यूटर रूम की साफ-सफाई कुछ समय निकाल करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा प्रत्येक रविवार व छुट्टी के दिन सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं अपने-अपने आवास व आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलायेंगे। शहर व गांव के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। स्वच्छता व साफ-सफाई अभियान से जुड़े लोगों की तस्वीर आपस के ग्रुप में भी शेयर करेंगे। ताकि इससे अन्य लोग प्रभावित होकर इस अभियान से जुड़े। आने वाले दिनों में गुवा शहर को स्वच्छ शहर बनायेंगे। उन्होंने कहा कि अगर पूरे देश के लोग सप्ताह में एक दिन सिर्फ अपने-अपने घरों के आसपास की साफ-सफाई कर दें तो पूरा देश स्वच्छ हो जायेगा। आज चलाये गये स्वच्छता अभियान में शिक्षकों में अनन्त कु उपाध्याय, एस के पाण्डेय, विनोद कु साहू एव विकास मिश्रा शामिल थे।

# पत्रकारों के लिए विशेष सेमिनार का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /कथारा :** शुक्रवार को सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक के कार्यालय स्थित सभागार में प्रेस वार्ता सह संगोष्ठी के साथ साथ एक ज्वलंत विषय भ्रष्टाचार को ना कहे, राष्ट के प्रति समर्पित रहे पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल कथारा जीएम डी के गुप्ता तथा कार्यक्रम का संचालन सीएसआर अधिकारी चन्दन कुमार द्वारा किया गया। मंच का संचालन करते हुए श्री कुमार ने बताया कि सतर्कता जागरूकता अभियान जो सीसीएल मे 16 अक्टूबर से शुरू हो कर 15 नवंबर तक चलेगा इसके तरह सीसीएल प्रबंधन किस किस तरह से विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगो के बीच जागरूकता फैलाने मे जुटी है। कहा कि सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सबसे अधिक स्कूलों पर फोकस किया जा रहा है तथा इसी अभियान के तहत विभिन्न तरह के प्रतियोगिताओं का भी आयोजन लगातार जारी है जबकि जीएम श्री गुप्ता ने अपने संबोधन में पत्रकारों से सिधे सिधे संवाद करते हुए कहे कि समाज में जितनी तेज गति से आप जागरूकता फैला सकते हैं शायद उतनी रफ्तार से कोई दुसरा तंत्र यह कार्य नही कर सकता इस लिए तमाम मिडिया कर्मियों से निवेदन होगा कि आप हमारे द्वारा चलाये जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के एक एक कार्यक्रमों को प्रमुखता से अपने अपने अखबारों और चैनलों मे स्थान देने के साथ साथ इस अभियान में आप भी हमारे साथ कदम से कदम मिलाकर अभियान को सफल बनाने में मदद करे। दोनो लोगों के संबोधन के बाद पत्रकारों के लिए आयोजित सेमिनार के विषय भ्रष्टाचार को ना कहे, राष्ट के प्रति समर्पित रहे पर उपस्थित पत्रकारों ने बेबाकी से अपने अपने विचार रखे तथा इसे रोकने के उपाय भी सुझाएं। इस सेमिनार को संबोधित करने वाले पत्रकारों मे विजय कुमार सिंह, एस पी सकशेना, जगदीश महतो, शमशेर आलम के अलावे अन्य पत्रकारगण भी शामिल थे। बताता चलू की इस तरह के कार्यक्रम सीसीएल कथारा प्रबंधक द्वारा खास पत्रकारों के लिए आयोजित करना यहां के इतिहास की शायद पहली ही घटना कही जा सकती है जिसका श्रेय सिधे सिधे सीएसआर अधिकारी चन्दन कुमार को जाता है।

पत्रकारों के लिए इस तरह के पहले आयोजन मे कथारा, जारंगडीह, खेतको व आसपास के दर्जनों प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों के अलावे कई अखबारों के अनुमंडलीय प्रभारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में शामिल होने वाले पत्रकारों मे जगदीश महतो, एसपी सकशेना, विजय कुमार सिंह, मो साबिर अंसारी, शमशेर आलम, नवीन कुमार सिंहा, अनील ठाकुर, विरमणी पांडेय, विश्वकर्मा भारती, आदि दर्जनों पत्रकार शामिल थे।

# कथारा चार नंबर दुर्गा पूजा समिति के कार्यो की हर तरफ हो रही है सराहना :अजय



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /कथारा :** पिछले दिनों पुरे बेरमो अनुमंडल में दुर्गा पूजा की ऐसी धुम मची हुई थी कि किसी भी व्यक्ति को इसके अलावे कोई दूसरा कार्य करने की चाहत ही नहीं थी। वही दुसरी तरफ पुलिस प्रशासन के अलावे सभी पूजा समिति के लोग बात को लेकर चिंतित थे कि यह महापर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में कैसे सम्पन्न करवाया जाय। इस चिंता से कथारा चार नंबर दुर्गा पूजा समिति भी अछुता नही थी। मगर इस दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारी इतने जिम्मेवार व सख्त है कि पुलिस प्रशासन की बाते तो दुर पूजा पंडाल के आसपास अगर गलती से भी कोई असमाजिक तत्व या हुडदंगी दिख जाए तो उसकी खैर नहीं। दुसरी इस कमेटी के सफलता का मुख्य मंत्र यह की कमेटी के लोग पूजा के दौरान बेहतर व सक्रिय भूमिका निभाने वाले सदस्यों व पदाधिकारियों को सम्मानित भी करने का काम करती है। इसी क्रम में बीते दुर्गा पूजा मे अहम भूमिका निभाने वाले तथा पूजा समिति के संरक्षक सीसीएल कथारा जीएम डीके गुप्ता को पूजा समिति के पदाधिकारियों और दर्जनों सदस्यों ने उनके कार्यालय पहुच माता का प्रसाद के साथ साथ माता की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा इस बात के लिए बधाई दी की उनकी सक्रियता के कारण कथारा चार नंबर मे दुर्गा पूजा शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलता पुर्वक सम्पन्न हो पाया। स्वागत करने वाले समुह का नेतृत्व स्वंय पूजा समिति के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह कर रहे थे। मौके पर उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहे कि कथारा चार नंबर हर वर्ष एकता व भाईचारे की अद्भुत मिशाल कायम करती आई है और आगे भी करती रहेगी। कहा कि शायद यही कारण है कि आज कथारा चार नंबर दुर्गा पूजा समिति की हर ओर सराहना हो रही है और यह सारा श्रेय पूजा समिति के जुझारू सदस्यों व पदाधिकारियों को जाता है जिसके दम पर ही हर वर्ष यहां की पूजा मे शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण की किर्तिमान रचती है।

इस मौके पर उपरोक्त लोगो के अलावे कोषाध्यक्ष सी एस प्रसाद,एम एन सिंह,तपेश्वर चौहान,देवेंद्र यादव, विजय यादव,मथुरा सिंह यादव, सूर्यकांत त्रिपाठी,देवाशीष आश, सुजीत मिश्रा,संतोष सिन्हा,पवन कुमार सिंह, प्रमोद यादव, अमनदीप सिंह,सोनू मिश्रा,शशि कुमार,शंकर मेहता,राजेश पांडे, विजय नायक,बिंदु चंद्र हेंब्रम, संतोष राम गोड़, विनोद राम, रामकुमार मिश्र, बी एन मिश्रा सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

प्रबंधन द्वारा ओबी गिराये जाने से हजारों वृक्ष जमींदोज

# जिन्दा व हरे भरे पेड़ों को सीसीएल दफन करने पर आमादा



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** वाह रे सीसीएल प्रबंधन जिसे ना तो मानव जीवन की रक्षा की चिंता है और ना ही पर्यावरण संरक्षण की फिक्र, शायद इसी कारण आज कोलियरी क्षेत्रों तथा उसके आसपास रहने वाले लाखों लोग एक तो भीषण प्रदुषण की चपेट में है। दुसरे प्रबंधन द्वारा केवल मुनाफा कमाने के उद्देश्य से वृक्षो के उपर ओवर बरडन डाले जाने से पर्यावरण का क्षण बेतरतीब हो रहा है। यह घोर चिंता का विषय है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीसीएल कथारा क्षेत्र के जारंगडीह परियोजना पुरे कंपनी स्तर पर उपरोक्त मामले में अग्रणीय भूमिका निभा रही हैं। यह खुली आंखो देखा जा सकता है। बताया जाता है कि जारंगडीह परियोजना खुली खदान से आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा पूर्व में केबी कॉलेज से लेकर बोडिया बस्ती के समीप ओबी गिरा कर सैकड़ों वृक्षों को जमींदोज कर दिया गया मगर पर्यावरण विदो तथा वन विभाग के हस्ताक्षेप के बाद स्थानीय प्रबंधन द्वारा नये विकल्प तलाश लिया और खेतको मार्ग के समीप हजारों वृक्षों के उपर अब अधिभार जिसमे पत्थर, मिट्टी, चुरण आदि डालकर वृक्षो को दफन किया जा रहा है। उपरोक्त दृश्य एक बानगी मात्र है। यदि वन विभाग और पर्यावरण विभाग संयुक्त रुप से इस मामले की जांच करे तो पर्यावरण को मुंह चिढ़ाता कई और तथ्यों का खुलासा संभव है।इस संबंध में क्षेत्र के एक वरीय अधिकारी ने अपने नाम नही छापने के शर्त पर बताया कि उक्त ओबी डम्पिंग से यह माना जा सकता है कि इससे पर्यावरण को खतरा उत्पन्न हो सकता है। बावजूद इसके उक्त अधिकारी ने बताया कि सीसीएल द्वारा वन विभाग को प्रभावित वृक्षों के एवज में दस गुना भूगतान किया जा चुका है। यदि यह बात सच है तो फिर सवाल उठता है कि वन विभाग को यह अधिकार किस तरह प्राप्त हुआ की वह मानव जीवन से ही खिलवाड़ करने पर आमादा हो जाये। बहरहाल इन विस्फोटक स्थिति का सामना वर्तमान में कथारा जारंगडीह सहित आसपास के लगभग दर्जन भर गांवो के हजारों निवासियों को करना पड़ रहा है।

**बाल विवाह**

बाराती आई और बिना शादी के खाना खाकर वापस चली गई,

# बाल कल्याण समिति ने बाल विवाह रूकवाई

- मौके पर बीडीओ और थाना इंचार्ज थे मौजूद
- बोकारो जिले से आए बारातियों को समझा बुझाकर वापस कर दिया

राष्ट्रीय खबर



**गोला :** प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य ने गोला थाना क्षेत्र के कल्याणपुर (तिरला) में गुरुवार हो रहा एक नाबालिक छात्रा का बाल विवाह रुकवा दिया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि पत्र के माध्यम से हमें सूचना मिली थी कि एसएस प्लस टू हाई स्कूल गोला में इंटर की छात्रा का बाल विवाह हो रहा है। जानकारी पर हम छात्रा के घर ग्राम तिरला गए और विवाह पर रोक लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि छात्र के उम्र 18 वर्ष से कम है इसका विवाह नहीं हो सकती। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार शांडिल्य और गोला थाना प्रभारी प्रभात कुमार दोनों ही रात्रि में भी तिरला गांव गए, जहां बोकारो जिले से आए बारातियों को समझा बुझाकर वापस कर दिया।

उल्लेखनीय है कि बाल कल्याण समिति रामगढ़ ने अपने पत्रांक संख्या 2872 दिनांक 26/10/2023 के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला को एक पत्र जारी कर कहा है कि सोशल मीडिया के माध्यम से बाल विकास समिति के संज्ञान में आया है कि छात्रा की शादी 26 अक्टूबर को निर्धारित है। साथ ही एस एस प्लस टू हाई स्कूल गोला के पत्रांक 117 दिनांक 20 /10 /2023 के अनुसार छात्रा का नामांकन रजिस्टर में जन्मतिथि 15 मार्च 2006 है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने स्कूल को पत्र देकर छात्रा की जन्म तिथि नामांकन पंजी के अनुसार मांग की गई थी। पत्र के माध्यम से इस बाल विवाह को रुकवाने का आग्रह किया गया।

# दिव्यांग छात्र प्रिंस का होगा नवोदय में नामांकन



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** शुक्रवार को बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी से मुलाकात कर बेरमो विधानसभा क्षेत्र स्थित तीन नंबर के निवासी शर्मा घांशी जी के पुत्र प्रिंस कुमार को नवोदय विद्यालय में नामांकन में सहयोग के लिए आग्रह किया। बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह को प्रिंस के नामांकन में सहयोग के लिए आश्वस्त किया । छात्र प्रिंस कुमार दिव्यांग है और उसके पिता शर्मा घांशी पेशे से राजमिस्त्री हैं और आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है। इस बात की जानकारी मिलते हीं भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह अपनी निजी खर्चे से उन्हें लेकर बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी से मिलने पहुँचे । प्रकाश सिंह ने कहा है कि जहां तक संभव हो पाएगा जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहयोग करते रहेंगे ।

